प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****************

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर लिया है और लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने 90 में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। इधर जम्मू– कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 और उसके सहयोगी कांग्रेस ने 6 सीटों के साथ बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू कश्मीर में पहली बार रिकॉर्ड 29 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है। केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने तीसरी बार भाजपा पर विश्वास व्यक्त करते हुए मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई है।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हरियाणा के चुनावी नतीजों से खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि हरियाणा तो झांकी है, झारखंड अभी बाकी है।

****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी कहा कि जिस प्रकार पार्टी ने हरियाणा में जीत दर्ज की है वैसा ही परिणाम झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी दिखेगा।

****************

बोकारो जिले में राज्य सरकार के विद्यालयों में पठन पाठन का हाल बुरा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। आज देवी दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की आराधना की जा रही है। दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर राजधानी रांची में दो हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। इधर गिरिडीह में शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर आज से तेरह अक्टूबर तक ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। शाम चार बजे से सुबह चार बजे तक शहर में

सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। वहीं सुबह आठ बजे से अगले दिन सुबह चार बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर भी रोक रहेगी।

****************

दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी रांची में छेड़खानी और छिनतई करने वाले अपराधियों पर पुलिस विशेष नजर रख रही है। इसे लेकर रांची पुलिस के साथ शक्ति कमांडो की तैनाती की गई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए जगह–जगह पर शक्ति कमांडो तैनात रहेंगे। डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि न सिर्फ शक्ति कमांडो, बल्कि महिला पुलिसकर्मियों के साथ–साथ महिला थाना प्रभारियों को भी दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट मोड में रखा गया है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में डायल 112 के माध्यम से कई शिकायतें आ रही हैं। ऐसे में शक्ति कमांडो और महिला थाना प्रभारी सहित महिला पुलिसकर्मियों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अलर्ट मोड में रहें।

****************

संथालपरगना के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल ने पाकुड एवं महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने, मतदाता पहचान पत्र में व्याप्त त्रुटियों को सुधारने सहित कई आवश्यक निर्देश दिए।

****************

बोकारो स्थित सीआरपीएफ 26 वीं बटालियन के जवान ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आज उनका शव रितुडीह स्थित उनके आवास से बरामद किया है। वहीं सब इंस्पेक्टर महाती बोइपाई ने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

****************

राजधानी रांची, पलामू समेत संथाल के कई जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश रिकॉर्ड की गई है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले दो दिनों तक बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है।

****************